शुक्रवार
24 अप्रैल, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर




वर्ष 2, अंक 80 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com

## दरिंदगी कांड में पीड़ितों के साथ खड़े हुए पप्पू यादव, दी आर्थिक मदद



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के कपटसरी गांव में हुई दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। इस संवेदनशील मामले में पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन (पप्पू यादव) ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। सांसद का यह दौरा उस घटना के बाद हुआ, जिसमें एक नाबालिग लड़की के साथ उसके पिता के सामने दुष्कर्म किए जाने और बाद में संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत का मामला सामने आया।

पीड़ित परिवार से मुलाकात के दौरान माहौल बेहद भावुक हो गया। पीड़िता की मां ने रोते हुए बताया कि उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई और फिर उसे आत्महत्या का रूप देने के लिए घर में लटका दिया गया। उन्होंने कहा कि घर की स्थिति ऐसी नहीं है कि वहां फांसी लगाई जा सके, जिससे हत्या की आशंका और गहरा जाती है। परिजनों का आरोप है कि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद आरोपी खुलेआम घूम रहा है और प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

सांसद पप्पू यादव ने इस पर गहरी नाराजगी जताते हुए प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो वे इस मामले को लेकर बड़ा आंदोलन करेंगे और संसद तक इस मुद्दे को उठाएंगे। उन्होंने मौके पर ही पीड़ित परिवार को 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की और भरोसा दिलाया कि वे इस लड़ाई में उनके साथ खड़े रहेंगे।महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी सांसद ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि उस सोच के खिलाफ है जो महिलाओं को कमजोर समझती है। उन्होंने यह भी कहा कि



यदि उनके किसी बयान से किसी को ठेस पहुंची हो तो वे खेद व्यक्त करते हैं, लेकिनउनका उद्देश्य हमेशा महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना रहा है।

उन्होंने देशभर में बढ़ते महिला अपराधों पर चिंता जताते हुए कहा कि यह समस्या केवल एक जिले या राज्य की नहीं, बल्कि पूरे समाज की है। उन्होंने सवाल उठाया कि गंभीर मामलों में अक्सर लोग चुप क्यों रहते हैं और केवल कुछ घटनाओं पर ही प्रतिक्रिया क्यों दी जाती है। उनके अनुसार, समाज को इस मानसिकता के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना होगा।

सांसद ने ग्रामीणों से अपील की कि वे ऐसे अपराधियों के खिलाफ खुलकर आवाज उठाएं और अपनी बेटियों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि यह केवल एक परिवार की लड़ाई नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है कि ऐसी घटनाओं को रोका जाए।

इस दौरान मौजूद युवा नेता राजू दानवीर ने भी घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। उन्होंने मांग की कि दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे और उनकी टीम पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा।



## रजरप्पा लूटकांड का खुलासा, हरनौत से आभूषण संग तीन गिरफ्तार




हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। झारखंड के रजरप्पा थाना क्षेत्र में 21 अप्रैल 2026 को हुए स्वर्ण व्यवसायी लूटकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। रजरप्पा पुलिस और हरनौत थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में लूटे गए आभूषण हरनौत से बरामद किए गए हैं। साथ ही गिरोह से जुड़े तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार कांड के मास्टरमाइंड विभाष पासवान उर्फ मृगेन्द्र पासवान की तलाश में छापेमारी के दौरान उसके बहनोई मनीष पासवान की निशानदेही पर कार्रवाई की गई। इस दौरान एक सफेद रंग की मारुति सुजुकी अर्टिगा कार (BR01JA6449) से लूटे गए सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए।

गिरफ्तार आरोपियों में मनीष पासवान (सलेमपुर, थाना बेना), उसकी पत्नी रीना देवी (35 वर्ष) और चन्द्रावती देवी (55 वर्ष) शामिल हैं। तीनों वर्तमान में हरनौत रेलवे कॉलोनी में रह रहे थे। पुलिस ने इनके पास से बड़ी मात्रा में जेवरात जैसे हार, मंगलसूत्र, बाला, अंगूठी, कान के गहने सहित अन्य सामान बरामद किया है। इसके अलावा एक वीवो मोबाइल और ट्रॉली बैग भी जब्त किया गया है।पुलिस का कहना है कि इस गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा होने की संभावना है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों का भरोसा बढ़ा है।

## जिले में पेट्रोल-डीजल और गैस आपूर्ति दुरुस्त, प्रशासन अलर्ट मोड में



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को जिले में पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में तेल विपणन कंपनियों के सेल्स ऑफिसर और जिला के वरीय पदाधिकारी शामिल हुए।


समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि आईओसीएल और बीपीसीएल के पेट्रोल पंपों पर ईंधन की कोई कमी नहीं है। हालांकि एचपीसीएल के कुछ पंपों पर आपूर्ति बाधित होने से अस्थायी समस्या उत्पन्न हुई थी, जिसे तेजी से दूर किया जा रहा है। कई पंपों पर तेल की आपूर्ति शुरू कर दी गई है और शेष को भी जल्द चालू करने का आश्वासन दिया गया।

जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि शादी के मौसम में बढ़ी मांग को देखते हुए पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और पंपों पर अतिरिक्त स्टॉक रखा जाए। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि जिले में ईंधन की कोई कमी नहीं है, इसलिए घबराने की जरूरत नहीं है।

रसोई गैस की स्थिति पर बताया गया कि जिले में 54 एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन करीब 8839 घरेलू सिलिंडर वितरित किए जा रहे हैं। बैकलॉग को जल्द कम करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही बिहारशरीफ, राजगीर और सिलाव में पीएनजी पाइपलाइन का विस्तार किया जा रहा है, जिससे गैस आपूर्ति और सुगम होगी।

प्रशासन ने जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए आम जनता से शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 06112-233168 पर संपर्क करने की अपील की है।




SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED
RERA
APPROVED
APPROVED
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
Project Registration Number
BRERAP192001011025250432E00
60% Free Area
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# दो मई को प्रवेशोत्सव दिवस, शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने का लक्ष्य




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिलाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 में अधिकाधिक नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से "स्कूल चले हम" अभियान के तहत 02 मई 2026 को जिलेभर में प्रवेशोत्सव दिवस मनाया जाएगा। इस अभियान का लक्ष्य 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का नजदीकी विद्यालयों में उम्र के अनुरूप कक्षा में नामांकन सुनिश्चित करना है।

जिला प्रशासन के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग और आईसीडीएस के संयुक्त प्रयास से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों से चिन्हित 16,440 बच्चों की सूची तैयार की गई है, जिन्हें संबंधित विद्यालयों में नामांकित किया जाएगा। सेविका और सहायिकाएं इन बच्चों को सामूहिक रूप से विद्यालय तक लेकर जाएंगी।विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक और शिक्षा सेवक आंगनबाड़ी कर्मियों से समन्वय कर नामांकन प्रक्रिया को सुगम बनाएंगे। प्रवेशोत्सव के दिन विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था तथा बच्चों के स्वागत हेतु विशेष इंतजाम किए जाएंगे। साथ ही चॉकलेट वितरण, बैलून सजावट और शिक्षण सामग्री प्रदर्शनी के माध्यम से उत्सवी माहौल बनाया जाएगा।

नामांकन के दौरान किसी भी दस्तावेज के अभाव में प्रक्रिया बाधित नहीं की जाएगी, बाद में कागजात लिए जाएंगे। सभी प्रखंडों में आदर्श नामांकन केंद्र भी चिन्हित किए जाएंगे, जहां जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी निरीक्षण करेंगे।

प्रशासन का उद्देश्य है कि एक भी बच्चा स्कूल से वंचित न रहे और शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जा सके।

# दिनदहाड़े नरसंडा बाजार में दबंगों का कहर, हथियार के बल पर दुकान ध्वस्त



चितरंजन कुमार


चंडी (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के नरसंडा बाजार में गुरुवार सुबह दिनदहाड़े दबंगों की गुंडागर्दी सामने आई, जहां हथियार के बल पर एक दुकान को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई और बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

पीड़ित दुकानदार मनीष कुमार ने बताया कि करीब दस दिन पहले ही आरोपितों द्वारा दुकान खाली करने की धमकी दी गई थी और इस संबंध में दुकान पर पर्ची भी चिपकाई गई थी। गुरुवार सुबह लगभग साढ़े आठ बजे पप्पू सिंह अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचा और देशी कट्टा दिखाकर धमकाया। इसके बाद बुलडोजर लगाकर दुकान को पूरी तरह तोड़ दिया गया।

पीड़ित के अनुसार इस घटना में करीब डेढ़ लाख रुपये के सामान को नुकसान हुआ है, वहीं आरोप है कि दुकान में रखे लगभग दो लाख रुपये नगद भी जबरन ले लिए गए। घटना के दौरान मौजूद लोग डर के कारण विरोध नहीं कर सके।

मनीष कुमार ने बताया कि जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले उनके मानसिक रूप से बीमार भाई से जबरन अंगूठा लगवाकर जमीन अपने नाम करा ली गई थी, जिसे बाद में न्यायालय द्वारा रद्द कर दिया गया था। इसके बावजूद आरोपित लगातार दबाव बना रहा था। थानाध्यक्ष अखिलेश झा ने बताया कि पीड़ित का आवेदन प्राप्त हुआ है और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।






# वीर कुंवर सिंह जयंती पर भव्य आयोजन, संघर्ष गाथा याद की गई




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राष्ट्रीय राजपूत महासभा एवं लोकशक्ति विकास पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में 23 अप्रैल को उदन्तपुरी स्थित कार्यालय परिसर में महान स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह का 249वां जन्मोत्सव सह विजयोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जीतेन्द्र कुमार सिंह ने वीर कुंवर सिंह के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वीर कुंवर सिंह की संघर्ष गाथा को “हर गांव-हर द्वार” तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने यह भी मांग की कि उनके जीवन और बलिदान को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए, ताकि नई पीढ़ी उनके आदर्शों से प्रेरणा ले सके।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने वीर कुंवर सिंह के शौर्य, साहस और देशभक्ति को याद करते हुए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे महान वीरों की गाथाएं समाज को एकजुट करने और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।इस अवसर पर निरंजन सिंह, ओमप्रकाश सिंह, अधिवक्ता संतोष कुमार सिंह, उदय प्रसाद सिंह, उदयराज सिंह, सत्यप्रकाश सिंह, विनय कुमार सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, अखिलेश कुमार, रवि सिंह, बब्लू सिंह, सिद्धनाथ सिंह, प्रो. अखिलेश कुमार सिंह, सुनील सिंह, कमला सिंह, कन्हैया जी, शशिभूषण सिंह एवं अंगद सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और अपने विचार व्यक्त किए।

# बिहारशरीफ में विजयोत्सव से गूंजा शौर्य मंदिर, जागी देशभक्ति की भावना



रंजीत कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शहर के महलपर स्थित बाबू वीर कुंवर सिंह शौर्य मंदिर परिसर में आयोजित विजयोत्सव कार्यक्रम ने इतिहास और देशभक्ति की भावना को एक बार फिर जीवंत कर दिया। इस भव्य आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों तथा बड़ी संख्या में आम लोगों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने महान स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह के अदम्य साहस, वीरता और बलिदान को याद करते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सांसद कौशैलेंद्र कुमार के प्रतिनिधि एवं जदयू महासचिव इंजीनियर सुनील कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि 1857 की पहली स्वतंत्रता संग्राम में वीर कुंवर सिंह ने अंग्रेजों के खिलाफ जिस पराक्रम का परिचय दिया, वह आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और समाज तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भी वीर कुंवर सिंह के पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया।


इस अवसर पर प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे आयोजन ने न केवल गौरवशाली इतिहास की याद दिलाई, बल्कि नई पीढ़ी में देशभक्ति और कर्तव्यबोध की भावना को भी मजबूत किया।












# दरियापुर के पास स्कॉर्पियो पलटी, आठ घायल, चालक हिरासत में




मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर-पटना मुख्य सड़क मार्ग पर दरियापुर गांव के समीप गुरुवार सुबह एक स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। इस हादसे में वाहन पर सवार करीब आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत इस्लामपुर थाना को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए इस्लामपुर सरकारी अस्पताल भेजा।

अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दो महिलाओं—संजू देवी और श्याम सुंदरी देवी—की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए पावापुरी विम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों का इलाज स्थानीय स्तर पर जारी है।

घायलों में गया जिले के नीमचक बथानी थाना क्षेत्र के खेसारी गांव की सीमा देवी, कटारी गांव की श्याम सुंदरी देवी, कारू बिगहा गांव की मंजू देवी, रहुई गांव की संजू देवी, खिजरसराय थाना क्षेत्र के पचमहला गांव की गायत्री देवी तथा इस्लामपुर थाना क्षेत्र के बांधपर गांव की रजनी कुमारी सहित अन्य लोग शामिल हैं। सभी आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं।

परिजनों के अनुसार सभी लोग फतुहा से मुंडन संस्कार कराकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान चालक को झपकी आ जाने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और चालक छोटू चौधरी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।






# पचौरा में नवनिर्मित मंदिर में मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के पचौरा गांव स्थित पंचायत सरकार भवन के समीप नवनिर्मित मंदिर में मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के साथ सम्पन्न हुई। बृहस्पतिवार को विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

वाराणसी से आए यज्ञाचार्य सच्चिदानंद पांडे, अंकुश पांडेय एवं त्रिपुरी पांडेय के मार्गदर्शन में अनुष्ठान संपन्न हुआ। पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जबकि दूसरे दिन वेदी पूजन, मंडप पूजन, फलाधिवास, जलाधिवास, धृताधिवास, अन्नाधिवास, मिष्ठानाधिवास, पुष्पाधिवास, महास्नान, नेत्रोन्मीलन और 24 घंटे के अखंड कीर्तन का शुभारंभ हुआ। तीसरे दिन प्रतिमा स्थापना, अखंड कीर्तन का समापन और हवन कुंड में पूर्णाहुति दी गई, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा।पंचायत के सरपंच हीरा पासवान ने बताया कि मंदिर निर्माण में लगभग 15 लाख रुपये खर्च हुए हैं, जबकि प्रतिमा जयपुर से करीब दो लाख रुपये में मंगाई गई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2007 से ग्रामीणों के सहयोग से यहां चैती दुर्गा पूजा होती आ रही है।

इस आयोजन में मुख्य जजमान सुजीत, गौतम, उदय, बुधन और सुशीला सहित हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समापन के अवसर पर लगभग चार हजार लोगों के बीच पूड़ी, बुंदिया और सब्जी का वितरण किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. (प्रो.) सचिदानंद कुमार, जानकी आईटीआई के संचालक ई. इंद्रजीत, मुखिया प्रतिनिधि सोनू कुमार, उपेंद्र यादव, मुन्नी शर्मा, महेश, पवन, सुजीत और छोटे सहित अन्य ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर कई थानों की संयुक्त छापेमारी

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। वेना थाना कांड संख्या 544/23 के नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान बिहारशरीफ स्थित आरोपियों के ठिकानों पर कई थानों की टीम ने छापेमारी की, लेकिन दोनों अभियुक्त फरार पाए गए।

पुलिस के अनुसार इस मामले में नामजद अभियुक्त नौशादुन नबी उर्फ पप्पू खान और आफरीन सुल्ताना की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की गई। छापेमारी अभियान में बिहार थाना, वेना थाना, हरनौत थाना, कल्याण बिगहा थाना, चेरो थाना और भागनबिगहा थाना की संयुक्त टीम शामिल रही।

टीम ने आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन दोनों आरोपी घर से फरार मिले। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में भी सघनजांच-पड़ताल की, हालांकि तत्काल सफलता हाथ नहीं लगी।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास जारी हैं। उनकी तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है और तकनीकी माध्यमों का भी सहारा लिया जा रहा है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम लोगों से अपील की गई है कि यदि किसी को आरोपियों के संबंध में कोई जानकारी मिलती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके।









## संपादकीय

जे पी चौधरी



# दुनिया में लोकतांत्रिक संस्थानों के प्रति जनता का भरोसा डिगा है

हमारे समाज के बुद्धिजीवी, अध्यात्मिक व सामाजिक चिंतक गाहे-बगाहे कृत्रिम बुद्धिमत्ता से मानवीय मूल्यों के क्षरण पर लगातार चिंता जताते रहे हैं। अब इस चिंता पर पोप लियो 14 की स्वीकारोक्ति ने मोहर लगायी है। उन्होंने आशंका जतायी है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता से वैश्विक ध्रुवीकरण, संघर्ष, भय और हिंसा को बढ़ावा मिल सकता है। उनके इस बयान ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। ऐसे वक्त में जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता को सुविधा, गति व नवाचार के लिये सराहा जा रहा है, पोप ने चेताया है कि नैतिकता के बिना प्रौद्योगिकी घातक साबित हो सकती है। इसमें दो राय नहीं कि मूल रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता बुरी नहीं है, लेकिन यह तटस्थ भी नहीं है। निस्संदेह, इसका प्रभाव इस बात पर निर्भर करता कि संस्थान व सरकारें इसे कैसे डिजाइन करती हैं और कैसे इसका उपयोग करती हैं। हाल की कुछ घटनाओं ने इन चिंताओं की पुष्टि भी की है। विभिन्न देशों के लोकतांत्रिक चुनाव में कृत्रिम बुद्धिमत्ता से निर्मित डीपफेक और क्लोन की गई आवाजों का प्रयोग झूठे विमर्शों को फैलाने, मतदाताओं को भ्रमित करने में किया गया। जिससे दुनिया में लोकतांत्रिक संस्थानों के प्रति जनता का भरोसा डिगा है। यह खतरनाक है कि साइबर ठगों ने क्लोनिंग उपकरणों के जरिये आवाज का उपयोग परिवार के सदस्यों व अधिकारियों के रूप में किया है। इसके जरिये साइबर अपराधियों ने पूरी दुनिया में लाखों लोगों की जीवन भर की पूंजी तक लूटी है।

विडंबना है कि जिस कार्य को अब तक तकनीकी-कौशल व संसाधनों के जरिये किया जाता था, वह तकनीक से अब आसानी व बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग भ्रामक सूचनाओं के लिये ही नहीं किया जा रहा है। आशंका है कि उन्नत एआई के जरिये वित्तीय प्रणालियों और साइबर सुरक्षा को खतरा पैदा किया जा सकता है। चिंता है कि शक्तिशाली एआई तकनीक से वित्तीय व्यवस्था की कमजोर कड़ियों को निशाना बनाया जा सकता है। जिसे पकड़ना नियामक संस्थाओं के लिये मुश्किल होगा। ये स्वचालित हमले बैंकिंग नेटवर्क में धोखाधड़ी करने में सक्षम हो सकते हैं। जो हमारी डिजिटल दुनिया से भी आगे घातक प्रभाव डाल सकते हैं। जिससे देशों में वित्तीय संकट पैदा हो सकते हैं। भुगतान व्यवस्था में व्यवधान व विश्वास से छल तथा राजनीतिक दुष्प्रचार से समाज में अस्थिरता पैदा हो सकती है।

# मंडल कारा जहानाबाद का निरीक्षण, बंदियों की समस्याओं पर दिया निर्देश



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जहानाबाद के नवपदस्थापित सचिव बृजेश कुमार ने मंडल कारा, जहानाबाद का सघन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कांउसिल बैद्यनाथ शरण, कारा अधीक्षक अजीत कुमार, प्रभारी जेलर अख्तर हुसैन एवं सहायक जेलर सुधीर सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

निरीक्षण के क्रम में सचिव ने कारा के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर बंदियों से सीधे संवाद स्थापित किया। उन्होंने बंदियों की व्यक्तिगत, कानूनी एवं दैनिक जीवन से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना और आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही उन्होंने रसोई व्यवस्था की बारीकी से जांच करते हुए निर्देश दिया कि बंदियों को स्वच्छएवं पौष्टिक भोजन निर्धारित मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराया जाए।

सचिव ने कारा अस्पताल का भी निरीक्षण कर चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा की और किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने महिला बंदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना तथा उनके साथ रह रहे बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और देखभाल पर विशेष ध्यान देने को कहा।निरीक्षण के उपरांत उन्होंने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि बंदियों को उनके संवैधानिक अधिकारों के अनुरूप न्याय, सम्मान और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के निरीक्षण जारी रहेंगे।

# जन सुराज में नई जिम्मेदारी, मुकेश शर्मा बने जहानाबाद जिला अध्यक्ष



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जन सुराज पार्टी ने संगठन विस्तार को लेकर बड़ा निर्णय लेते हुए मुकेश शर्मा उर्फ मुकेश महादेव को जहानाबाद जिला का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस घोषणा के साथ ही जिले में पार्टी संगठन को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

मुकेश शर्मा मूल रूप से घोसी प्रखंड के लखीसराय गांव के निवासी हैं और लंबे समय से सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। पार्टी नेतृत्व ने उनके अनुभव और जनसंपर्क को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने औपचारिक रूप से उनके नाम की घोषणा की।इस मौके पर कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें नंदकिशोर यादव, जावेद खान, संदेश के पूर्व विधायक, जन सुराज नेता अक्षय आनंद और शैलेश कुमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी समर्थक शामिल थे।नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी की नीतियों और विचारों को आम जनता तक पहुंचाने की अपील की।

कार्यक्रम में मौजूद नेताओं ने भी भरोसा जताया कि मुकेश शर्मा के नेतृत्व में जहानाबाद में जन सुराज पार्टी को नई दिशा और गति मिलेगी।

# जनगणना 2027: जहानाबाद में स्व-गणना अभियान तेज, गांव-गांव पहुंच रहे अधिकारी



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। भारत जनगणना 2027 के सफल संचालन को लेकर जिले में स्व-गणना अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। जिला पदाधिकारी डॉ. प्रीति के निर्देश पर सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में पहुंचकर आमजनों को स्व-गणना की प्रक्रिया की जानकारी दे रहे हैं और उन्हें स्वयं गणना करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

इसी क्रम में 23 अप्रैल को प्रखंड विकास पदाधिकारी, घोषी सरिता कुमारी ने क्षेत्र भ्रमण कर लोगों को स्व-गणना की पूरी प्रक्रिया समझाई। घोषी प्रखंड के कोरा पंचायत में पूर्व सांसद जगदीश शर्मा, पैक्स अध्यक्ष वरुण शर्मा तथा प्रखंड प्रमुख जयमंती देवी ने स्वयं स्व-गणना कर लोगों को जागरूक किया। वहीं काको नगर पंचायत क्षेत्र में कार्यपालक पदाधिकारी के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भी स्व-गणना में भाग लिया।

प्रशासन द्वारा बताया गया कि स्व-गणना के लिए नागरिकों को निर्धारित पोर्टल पर जाकर पंजीकरण करना होगा, जिसमें परिवार के मुखिया की जानकारी, मोबाइल नंबर और स्थान का विवरण देना अनिवार्य है। इसके बाद ओटीपी सत्यापन, मानचित्र पर अपने घर का चिन्हांकन और प्रश्नावली भरने की प्रक्रिया पूरी करनी होती है।अंतिम चरण में जानकारी की समीक्षा कर सबमिट करने पर 11 अंकों की एक विशिष्ट स्व-गणना पहचान संख्या (SE ID) जारी होती है, जिसे प्रगणक के सत्यापन के समय दिखाना आवश्यक होगा। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाकर जनगणना को सफल बनाएं।

# मलमास मेला 2026 को लेकर प्रशासन सख्त, भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा पर विशेष जोर



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बुधवार को जिला पदाधिकारी कुंदन की अध्यक्षता में आगामी मलमास मेला 2026 के सफल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेला क्षेत्र में संभावित भारी भीड़ को देखते हुए भीड़ प्रबंधन (क्राउड कंट्रोल) एवं विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

ज्ञात हो कि 17 मई से 15 जून 2026 तक आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक मलमास मेला में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने पूर्व तैयारी को लेकर सभी विभागों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया है। बैठक के दौरान आपदा मित्रों से भी फीडबैक लिया गया और ब्रह्म कुंड सहित प्रमुख स्थलों पर भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि ब्रह्म कुंड के प्रमुख स्नान घाटों, मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जाए। साथ ही बैरिकेडिंग, रूट डायवर्जन एवं वन-वे सिस्टम को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं की आवाजाही सुचारू बनी रहे। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निरंतर निगरानी, ड्रोन से भीड़ का आकलन तथा कंट्रोल रूम की 24×7 सक्रियता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा लाउडस्पीकर के माध्यम से सूचना प्रसारण एवं अफवाहों पर नियंत्रण के लिए त्वरित सूचना तंत्र विकसित करने का निर्देश दिया गया।

स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि मेला क्षेत्र में पर्याप्त चिकित्सा शिविर, एम्बुलेंस एवं आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। वहीं अग्निशमन विभाग को फायर सेफ्टी मानकों का सख्ती से पालन करते हुए हर परिस्थिति के लिए तैयार रहने को कहा गया।

जिला पदाधिकारी ने मेला क्षेत्र में आवासन, होल्डिंग एवं बफर जोन, जिगजैग गैंगवे निर्माण, जर्मन हैंगर, टेंट, पंडाल, पेयजल, शौचालय, स्वच्छता एवं सफाई कर्मियों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्थायी पुलिस चौकी, वॉच टावर, नाइट विजन कैमरा, पार्किंग व्यवस्था, ड्रॉप गेट एवं बैरिकेडिंग सहित सभी आवश्यक सुविधाओं को समय पर तैयार करने पर जोर दिया गया।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र में दुकानें, थिएटर आदि व्यवस्थित ढंग से स्थापित किए जाएं तथा सड़क किनारे से अतिक्रमण पूरी तरह हटाया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही मेला के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए भी आवश्यक कदम उठाने को कहा गया।

प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि राजगीर क्षेत्र में बंद पड़े सभी चापाकलों की मरम्मत शीघ्र कराई जाए तथा जगह-जगह प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, ड्यूटी चार्ट का पालन करने एवं आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।




# नल-जल योजना बनी दिखावा

## बीस दिन से बूंद-बूंद को तरस रहे लोग



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।स्थानीय प्रखंड अंतर्गत पोआरी पंचायत के वार्ड संख्या 13 में स्थित पीएचईडी विभाग द्वारा संचालित सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना इस भीषण गर्मी में विफल हो गई है। लाखों रुपये खर्च कर बनाई गई जलमीनार और पाइपलाइन व्यवस्था के बावजूद, ग्रामीणों को पिछले बीस दिनों से पानी नहीं मिल रहा है। वहीं पोआरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सतीश कुमार उर्फ बरे पासवान,बिरेन पासवान सहित स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, मोटर एवं स्टार्टर जल जाने के कारण जलापूर्ति पूर्णतः बंद है।यहां कि अधिकांश परिवार गरीब परिवार से हैं।एक-दुका घरों में चापाकल है। सरकारी चापाकल दूर में है। जिसमें लोगों को पानी पीने, नहाने, करने सहित महिलाओं को बर्तन धोने, कपड़ा साफ़ करने,खाने पकाने में समस्या आ रही है। उन्होंने कहा कि गांव में जर जमान बेटी है।उसे नहाने व कपड़ा साफ़ करने में दूर के सरकारी चापाकल पर शर्मिंदगी महसूस होती है ।कहा पीछले डेढ़ माह पूर्व में भी मोटर खराब हुआ था लेकिन जिम्मेदार अधिकारी एवं ठेकेदार ध्यान नहीं देते हैं। उन्होंने कहा कि अगर जिम्मेदार व्यक्ति समय रहते नहीं चेता तो बिहारशरीफ स्थित कलेक्टर कार्यालय के पास प्रदर्शन करेंगे एवं मुख्यमंत्री से भी मिलेंगे।उन्होंने यह भी कहा कि इस पंप के माध्यम से गांव के तकरीबन ढाई सौ घरों में पानी का सप्लाई दिया जाता है। वार्ड में एक आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित है ।जिसमें करिब 40 बच्चे के नामांकित है।इस समस्या के कारण लोग अन्य स्रोतों से पानी लाने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि जलमीनार के ऊपर लगे पानी में टंकी स्थापना के समय लगा था।मगर तेज-आंधी तुफान आने से उड़ गया एवं छतिग्रस्त हो गया। इस बजह से करीब ढ़ाई वर्ष से डायरेक्टर मोटर से हीं पानी का सप्लाई हुआ करता था। जिससे पानी का प्रेशर भी कम रहता ।वहीं बिरेन पासवान, सावित्री देवी, मोहम्मद आशिक,उषा देवी,सबूजा देवी,चंदशेखर पासवान, शंकर पासवान, रणजीत मल्लिक,संकज,मो ज़ावेद सहित दर्जनों ग्रामीणों ने इस गंभीर समस्या पर पीएचईडी विभाग के प्रशासन से समाधान की मांग बृहस्पतिवार को की है। यहां तक वार्ड संख्या 13 के लेटर पैड पर उक्त समस्या का जिक्र करते हुए हरनौत बीडीओ और पीएचईडी के जेई को आवेदन भी दिया है। उन्होंने जल्द से जल्द इस समस्या को समाधान करने की अपील की है, ताकि उन्हें स्वच्छ पेयजल मिल सके।

वहीं पंप ऑपरेटर सह वार्ड सदस्या के पति धर्मबीर पासवान ने कहा कि मोटर सहित स्टार्टर , वायरिंग एवं सॉकेट जला हुआ है । जिससे पानी की आपूर्ति पूर्णतः ठप है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले हमारे साथ अन्य साथी को मोटर चालू करने के दौरान बिजली के झटके भी लगा था। इसमें बाल-बाल बचे थे।उन्होंने ने कहा कि पांच एचपी का मोटर लगा है।जो अज्ञात कारणों से बार-बार जल जाता है। डेड माह पहले भी खराब हुआ था। वहीं इस मामले पर बीडीओ डॉ पंकज कुमार ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें शिकायत न मिली है। पीएचईडी विभाग के जेई को बोलकर इसकी जांच करवाते हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही समस्या का समाधान कर वार्ड संख्या 13 के ग्रामीणों को पानी बहाल कर दी जाएगी।



# प्रेम-प्रसंग में हत्या करके हरनौत थाना के शेरपुर में फेंकी गई थी अंशु का शव, खुलासा



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।तकरीबन एक माह पूर्व हरनौत थाना क्षेत्र के शेरपुर के पास मिले एक अज्ञात शव का पुलिस ने खुल्लासा किया है।मृतक का शव मोकामा बाजार क्षेत्र था।जो हत्या करके शेरपुर में फेंकी गई थी।

दरअसल मृतक नाबालिक के पिता रामाशीष दास ( मोकामा नगर परिषद के वार्ड संख्या पांच) ने मोकामा थाना में बीते 23 अप्रैल को अनहोनी को लेकर एफआईआर दर्ज करवाया था।कि मेरा बेटा अंशु कुमार 20 मार्च को घर से लखीसराय हेतु अपने दोस्त के यहां ईद में कहकर निकला था।यहां तक शाम पांच साढ़े पांच बजे फोन भी किया की पहुंच गया। लेकिन तब से फोन स्विच ऑफ है। मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने इस मामले को एएसआई मृत्युंजय के जिम्मे सौंप दिया।इससे पूर्व हरनौत थाना के शेरपुर खंदा में 21 मार्च के शाम सवा छः बजे हरनौत पुलिस को एक अज्ञात शव मिला था। उन्होंने विभिन्न थानों में इनफार्मेशन दी। यहां तक इस अज्ञात शव का फोटो सहित अखबार में छपा एवं वीडियो में चला था। पेट फाडा हुआ एवं आंत निकला हुआ शव को हरनौत पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ ले गया था।शव का अंतिम संस्कार भी किया एवं यूडी केस दर्ज किया। फ़ोटो सहित यह दुःख खबर परिजन के आंखों तक किसी प्रकार पहुंचा।तब पुनः परिजन थाना में गया। क़ातिल के गिरफ्तारी की मांग की। पुनः मोकामा पुलिस ने अनुसंधान तेज की।यहां तक बीते बुधवार यानी 22 अप्रैल को बाढ़ डीएसपी-1 राधाकृष्ण ने मोकामा पुलिस के सहयोग से इस कांड का खुलासा भी किया है।सुपारी देकर प्रेम-प्रसंग में उसकी हत्या हुई थी।जो पड़ोस के हीं 16 वर्षीय एक किशोरी से प्रेमजाल में फंसा था।इस संबंध से किशोरी के परिजन नाराज थे और उन्होंने इस रिश्ते को खत्म करने के लिए खौफनाक साजिश रच डाली। जिसमें प्रेमिका के मुहंबोला चाचा ने राजिस रच कर 16 वर्षीय प्रिंश कुमार को पेट फाड़कर हत्या करके शेरपुर टाल क्षेत्र में फेंक दिया था।ताकि सबूत मिट जाए।अपने भतीजी के प्रेम प्रसंग में खफा मुंहबोला चाचा कुख्यात ज्ञान पर प्रकाश साजिश रचकर खुद अभि फरार है। साजिश के तहत परिजनों ने पहले किशोरी का माइंडवाश कर उसे अपनी साजिश में शामिल किया और फिर उसी के जरिए अंशु को घर से भागने के लिए उकसाया।प्रेमिका के स्वजनों की साजिश के अनुसार 20 मार्च को दोनों घर से भागकर बख्तियारपुर पहुंचे। योजना के तहत दोनों रेलवे स्टेशन के आउटर सिग्नल पर उतर गए।वहां उतरते ही प्रेमिका के स्वजनों ने अंशु को दबोचा लिया। जिसमें कुख्यात ज्ञान प्रकाश के दोस्त विजय कुमार समेत अन्य शामिल था।वे उसे एक गाड़ी में बिठाया और अपने साथ लेकर हरनौत के शेरपुर तरफ ले गए, जहां उसे बहला-फुसलाकर नदी किनारे सुनसान स्थान पर पहुंचाया। गला और खंजर से पेट चीरकर अंशु की हत्या कर दी गई तथा शव को सुनसान जगह पर फेंक दिया गया था। पुलिस ने प्रेमिका के माता-पिता, बड़ी बहन एवं कुख्यात ज्ञान प्रकाश के दोस्त विजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से इस खौफनाक वारदात में प्रयुक्त एक चाकू,एक कार ,पांच मोबाइल सहित मृतक का चप्पल भी बरामद किया है। फिलहाल मुख्य आरोपी कुख्यात ज्ञान प्रकाश पुलिस के रडार पर है। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी ज्ञान प्रकाश इलाके का कुख्यात अपराधी रहा है। उसने अप्रैल 2005 में मोकामा कैथोलिक चर्च के फादर मैथ्यू उजुथल की चाकू से गर्दन काट दी थी। तीन सप्ताह तक फादर मैथ्यू जीवन मृत्यु से संघर्ष करते रहे थे और कुर्जी अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया था। इसके अलावा वर्ष 2011 में फादर माइकल इग्रेशियस पर भी उसने हमला करवाया था। साजिश रचैता कुख्यात ज्ञान प्रकाश पर मोकामा सहित कई थानों में विभिन्न संगीन मामले दर्ज हैं।



# हरनौत बाजार में धूमधाम से मनाई गई वीर कुंवर सिंह जयंती



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय बाजार क्षेत्र के हरनौत-अथमलगोला रोड स्थित वीर कुंवर सिंह चौक पर महान स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह की जयंती विजय दिवस के रूप में वृहस्पतिवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर चौक स्थित गोलंबर को फूल-मालाओं से भव्य रूप से सजाया गया था तथा तिरंगा के आकर्षक रंगों से रंग-रोगन कर स्थल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया गया। कार्यक्रम के दौरान बस्ती गांव निवासी एवं हरनौत नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि धीरज कुमार तथा व्यापार मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह ने माल्यार्पण कर अमर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि वीरता, साहस और देशभक्ति के प्रतीक बाबू वीर कुंवर सिंह ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अपना सर्वस्व राष्ट्र को समर्पित कर दिया।



उन्होंने यह भी बताया कि वीर कुंवर सिंह ऐसे महान योद्धा थे, जिन्होंने लगभग 80 वर्ष की आयु में भी तलवार उठाकर अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया और देश की आजादी के लिए प्रेरणास्रोत बने।इस अवसर पर विजय सिंह, गजेंद्र सिंह, मंथन कुमार, रोहित कुमार, रिंकू पांडे, अवधेश यादव, अजीत कुमार, सोनू कुमार, मनीष कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर अमर शहीद को नमन किया। कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह देशभक्ति से ओत-प्रोत रहा।

# सरस्वती विद्या मंदिर हसनपुर में वीर कुंवर सिंह जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। पूज्य तपस्वी श्री जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर, हसनपुर (राजगीर) में महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जयंती प्रमुख आचार्य श्री सुमोद कुमार झा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

वंदना सत्र के दौरान भैया-बहनों, आचार्यगण एवं दीदी जी ने वीर कुंवर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कक्षा सातवीं की छात्रा जिया ने उनके जीवन, राष्ट्रभक्ति और संघर्षपूर्ण योगदान पर प्रकाश डालते हुए प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए, जिससे उपस्थित सभी लोग भावविभोर हो गए।

अपने संबोधन में जयंती प्रमुख सुमोद कुमार झा ने बताया कि वीर कुंवर सिंह 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक थे। उन्होंने 80 वर्ष की आयु में भी अदम्य साहस का परिचय देते हुए जगदीशपुर से अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष किया। गुरिल्ला युद्ध नीति अपनाकर उन्होंने ब्रिटिश सेना को कड़ी चुनौती दी और आजमगढ़ पर विजय प्राप्त की। अंत तक मातृभूमि की रक्षा करते हुए उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए।विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य रामजी प्रसाद सिन्हा ने भी उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी वीरता और राष्ट्रप्रेम हम सभी के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम में सभी



आचार्यगण एवं दीदी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। अंत में राष्ट्रभक्ति के भाव के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# बिहार हितैषी पुस्तकालय का 142वीं वर्षगांठ समारोह भव्य कवि सम्मेलन के साथ सम्पन्न



पटना(अपना नालंदा)।बिहार हितैषी पुस्तकालय का 142वीं वर्षगाँठ समारोह भव्य कवि सम्मेलन के साथ सम्पन्न हुआ।

प्रथम सत्र का उद्घाटन महामहिम नन्दकिशोर यादव द्वारा किया गया। उन्होंने पुस्तकालय से अपने जुड़ाव की चर्चा करते हुए हर्ष ज़ाहिर किया कि आज पटना सिटी का यह दर्शनीय स्थल बन चुका है।अध्यक्ष हरिहर सिन्हा ने घोषणा की कि 142वीं वर्षगाँठ के अवसर पर पूरे साल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष देवानंद तिवारी ने स्वागत भाषण किया जबकि प्रधान सचिव महेंद्र अरोड़ा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों को शॉल ओढ़ा कर एवं स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पटना साहिब विधायक श्री रत्नेश ने विकास के लिए हर सम्भव सहायता की घोषणा की। उन्होंने डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना हेतु अनुदान, बैडमिंटन हॉल में मैट बिछावन तथा सभागार की कमियों को दूर करवाने का प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने इस सम्बंध में कार्ययोजना बना कर देनेका अनुरोध किया। कार्यक्रम में शशि शेखर रस्तोगी, डॉ० शाह अद्वैत कृष्ण, प्रो० दिनेश पटेल, समेत कई लब्ध प्रतिष्ठित लोग शामिल रहे।

भीड़ से खचाखच भरे सभागार में द्वितीय सत्र में भव्य कवि सम्मेलन में मुर्धन्य कवियों ने अपनी कविता पाठ से शमा बांध दिया और काफ़ी तालियाँ बटोरीं।उपस्थित कवियों में डॉ० आरती कुमारी, आराधना प्रसाद,श्री वीरेन्द्र नाथ विभावसु, डॉ० किशोर सिन्हा आदि प्रमुख रहे। संचालन कवि मधुरेश एवं डॉ० ध्रुव कुमार में किया जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ कवि श्री प्रेम किरण द्वारा किया गया।

कार्यक्रम संयोजन में सर्वश्री कमल नयन श्रीवास्तव, सुजीत कुशवाहा, संयुक्त सचिव, आलोक चोपड़ा, जयप्रकाश मेहता, मिथिलेश कुमार, सभी कार्यकारिणी सदस्य, विनीत कुमार आदि की भूमिका सराहनीय रही जबकि मुन्ना पांडेय, प्रणव नयन जैसे युवा काफ़ी सक्रिय रहे।

# खेल प्रशिक्षकों की समीक्षा बैठक, प्रतिभा निखारने पर जोर दिया गया




पटना (अपना नालंदा)। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग में खेल प्रशिक्षकों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्यभर के 100 से अधिक प्रशिक्षकों ने भाग लिया, जो एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्र, खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर तथा प्राधिकरण से जुड़े हैं।बैठक की अध्यक्षता प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने की। इस दौरान उप निदेशक हिमांशु सिंह और क्रीड़ा कार्यपालक आनंदी कुमार भी मौजूद रहे। बैठक में प्रशिक्षकों ने अपने-अपने केंद्रों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए आवश्यक संसाधनों, समस्याओं और सुधार के सुझावों से अवगत कराया। रवीन्द्रण शंकरण ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को विकसित कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। उन्होंने बताया कि इस उद्देश्य से बिहार के विभिन्न जिलों में 64 एकलव्य खेल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जहां खिलाड़ियों को चयन ट्रायल के माध्यम से प्रवेश दिया जाता है। यहां आवासन, भोजन, प्रशिक्षण और खेल सामग्री की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है।

उन्होंने प्रशिक्षकों को निर्देश दिया कि खिलाड़ियों के भोजन, आवासन और प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इन केंद्रों से ही भविष्य के खिलाड़ी तैयार होंगे, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# ओबीसी-ईबीसी जातीय जनगणना पर सवाल, 95 वर्षों का अन्याय उजागर




पटना(अपना नालंदा)। देश में ओबीसी और ईबीसी वर्ग की जाति आधारित जनगणना को लेकर बहस तेज हो गई है। विभिन्न सामाजिक संगठनों का आरोप है कि वर्ष भारत की जनगणना 1931 के बाद से इन वर्गों की सही गणना नहीं की गई, जिससे उनकी वास्तविक हिस्सेदारी प्रभावित हुई है। उनका कहना है कि पिछले 95 वर्षों में कई बार जनगणना हुई, लेकिन ओबीसी और अतिपिछड़ा वर्ग को व्यवस्थित रूप से आंकड़ों से बाहर रखा गया।

संगठनों के अनुसार, मंडल आयोग ने 1931 के आंकड़ों के आधार पर पिछड़े वर्ग की आबादी लगभग 52 प्रतिशत बताई थी, जिसके आधार पर 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया। हालांकि, वर्तमान समय में वास्तविक संख्या को लेकर स्पष्ट आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। इससे योजनाओं और बजट के वितरण में असमानता की बात उठाई जा रही है।वक्ताओं ने यह भी कहा कि अनुसूचित जाति और जनजाति की नियमित गणना से उन्हें योजनाओं का लाभ मिला, जबकि ओबीसी-ईबीसी वर्ग अनुमान पर निर्भर रहा। उन्होंने मांग की कि आगामी जनगणना में सभी वर्गों की जाति आधारित गिनती सुनिश्चित की जाए।इसके साथ ही रोहिणी आयोग की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने, महिला आरक्षण में "कोटा में कोटा" लागू करने और बिहार जातीय सर्वेक्षण 2023 के आधार पर आरक्षण व्यवस्था को मजबूत करने की मांग उठाई गई।

संगठनों का कहना है कि जातीय जनगणना केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समान हिस्सेदारी सुनिश्चित करने का आधार है।

# निशांत कुमार ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन मजबूत करने का किया आह्वान



पटना (अपना नालंदा)। निशांत कुमार ने आज जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश कार्यालय पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं से आत्मीय संवाद करते हुए उनका कुशलक्षेम जाना और अभिवादन स्वीकार किया।

मुलाकात के दौरान निशांत कुमार ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे नीतीश कुमार के नेतृत्व में संगठन को और मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में नीतीश कुमार ने "न्याय के साथ विकास" की सोच को धरातल पर उतारते हुए समाज के सभी वर्गों तक विकास पहुंचाने का काम किया है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे सरकार की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाएं और लोगों को बीते वर्षों में हुए विकास कार्यों की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों और योजनाओं ने बिहार को नई दिशा दी है और राज्य की छवि को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत किया है।निशांत कुमार के आगमन पर प्रदेश कार्यालय में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने विधान पार्षद संजय सिंह समेत कई विधायकों और नेताओं से भी मुलाकात की।कार्यक्रम में पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी भी उपस्थित रहे, जिससे संगठनात्मक एकजुटता का संदेश स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

## गृहकलह से परेशान महिला ने की खुदकुशी, दो बच्चों को छोड़ गई अपने पीछे

सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के एकसारा गांव में गृह कलह से तंग आकर एक महिला द्वारा खुदकुशी करने का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान प्रियंका देवी (32 वर्ष), पति संजीत साव के रूप में की गई है। बताया जाता है कि पारिवारिक विवाद से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया।

मृतका का मायका राहुई थाना क्षेत्र के मयफरीदा गांव में है। जानकारी के अनुसार, करीब 9 वर्ष पूर्व उनकी शादी हुई थी। घटनाके बाद परिवार में मातम का माहौल है। प्रियंका देवी अपने पीछे एक पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गई हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और घटना के कारणों की विस्तृत पड़ताल की जा रही है।

## कतरीसराय में अवैध शराब पर छापा, नौ लीटर संग आरोपी गिरफ्तार

आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कतरीसराय पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बहादुरगंज इलाके में छापेमारी कर नौ लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की।गिरफ्तार आरोपी की पहचान बहादुरगंज निवासी नरेश चौधरी, पिता स्वर्गीय चौधरी के रूप में की गई है।


Kalope
HOMES
Now in
BIHAR SHARIF
PREMIUM MODULAR KITCHEN
@ ₹99,999 में.
Upgrade Your Home with Luxurious uPVC Kitchen
ZERO WOOD TECHNOLOGY
No Wood
100% Waterproof uPVC
Termite Proof
Low Maintenance
10 YEAR WARRANTY
LIMITED OFFER FOR FIRST 20 CUSTOMERS ONLY
BOOK FREE SITE VISIT »
+91 74887 06578
*T&C Apply | Limited Offer